# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री


4 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण




## खबर संक्षेप

### कौशल एवं साक्षात्कार परीक्षा आज

**बैकुण्ठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत चाईल्ड हेल्पलाईन के रिक्त संविदा पदो पर भर्ती के लिए प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत वरियता सूची में सर्वोच्च अंक प्राप्त पद व वर्गवार 5 अभ्यर्थियों को कौशल/साक्षात्कार के लिए 30 जून को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका बैकुंठपुर में आयोजित की गई थी। आयोजित कौशल- साक्षात्कार परीक्षा में परामर्शदाता 1 पद (अनारक्षित) का कोई भी अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होने के कारण चयन समिति द्वारा परामर्शदाता पद के अंतिम पात्र सूची से वरीयता क्रम में 6 से 10 तक के अभ्यर्थियों को कौशल/साक्षात्कार परीक्षा आयोजित करने का अनुमोदन किया गया है। परामर्शदाता की भर्ती 4 जुलाई प्रातः 10 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका बैकुंठपुर तथा साक्षात्कार परीक्षा दोपहर 1 बजे कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बैकुंठपुर में आयोजित किया गया है। कौशल/साक्षात्कार परीक्षा की सूचना अभ्यर्थियों को पृथक से दी जाएगी।

### विकासखंड स्तरीय रोजगार कैंप 10 से

**बैकुण्ठपुर।** सुरक्षा के क्षेत्र में नियुक्त करने के लिए विकासखंड स्तरीय छह दिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद पंचायत में 10 एवं 11 जुलाई, बैकुंठपुर जनपद कार्यालय में 14, 15 जुलाई एवं 16 जुलाई को लाईवलीहुड कॉलेज सलका तथा ग्राम पंचायत पोड़ी में 17 जुलाई को आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार कैम्प सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, विनायक शर्मा तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में समस्त जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी, जनपद पंचायतों के सीईओ, तहसीलदार, नगर निकायों के सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### बुजुर्ग दंपती के जमीन पर कब्जे की शिकायत

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर थानांतर्गत बरहोरी गांव में दबंगों की दबंगई के इस कदर हावी है कि एक बुजुर्ग दंपती को अपनी निजी जमीन पर काश्तकारी नहीं कर पा रही है। इस पर बुजुर्ग दंपत्ति ने पुलिस थाना जनकपुर में शिकायत पत्र देकर बताया कि हम बुजर्ग दम्पत्ति को कमजोर व असहाय समझकर हमारी निजी पट्टा व कब्जा दखल की भूमि को हड़पने की नीयत से पड़ोस के एक व्यक्ति अपनी पत्नी एवं चाचा व अन्य परिजन के साथ मिलकर धमकी दिया जाता है, जिससे हम अपनी निजी भूमि पर हमेशा की तरह इस वर्ष काश्तकारी नहीं कर पा रहे हैं।

### 90% अनुदान पर योजनाओं का क्रियान्वयन

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राष्टीय पशुधन मिशन के दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए वन अधिकार पट्टाधारी जनजातीय परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को 90 प्रतिशत अनुदान एवं केवल 10 प्रतिशत अंशदान पर पशुधन आधारित स्वरोजगार योजनाएं प्रदान की जा रही हैं।

**प्रकृति की अद्भूत इंजीनियरिंग**

### प्रकृति की इंजीनियरिंग का अनोखा नजारा दिखता है कोरिया के जंगलों में

# झमाझम बारिश में भी अडिग रहता है दीमकों का आशियाना!

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रकृति की इंजीनियरिंग भी कितनी अद्भूत हो सकती है, इसका जीता जागता उदाहरण जंगलों में नन्हें दीमकों द्वारा मिलकर बनाई गई उनके आशियाएने यानी विशाल टीले को देखकर समझा जा सकता है।

हजारों की संख्या में मिलकर नन्हें दीमकों के बनाए गए विशाल संरचनां हमें याद दिलाते हैं कि सामूहिक प्रयास और प्रकृति बद्धिमता से क्या कुछ नहीं हासिल किया जा सकता है। छोटे-छोटे नन्हें दीमक द्वारा बनाए गए विशाल टीले उनकी वास्तुकला को प्रदर्शित करती है, जो हर किसी को हैरान करने वाली होती है। कोरिया जिले के जंगलों में जगह-जगह नन्हें दीमकों के समूह द्वारा मिलकर बनाए गए मिट्टी के टीले जो उनका विशाला आशियाना होता है लोगों को आर्श्च कर देने वाला होता है। नन्हें दीमक के समूहो द्वारा महीनों की मेहनत के बाद अपना विशाल आशियाना बना पाते हैं। यह देखने में तो सामान्य है, लेकिन छोटे जीव दीमक के वास्तुकला का बेहतरीन नमूना होता है। अपने विशाल आशियाने के भीतर हजारों की संख्या में दीमक निवास करते हैं जो हर मौसम के लिए सुरक्षित होता हैं।

### बारिश में भी अडिग होते हैं इनके आशियाने

स्थानीय जानकार बताते हैं कि नन्हें दीमकों के द्वारा बनाए गए उनके आशियाने इतनी मजबूत रहती है कि प्रकृति की मार सह सकती है। भारी बारिश के दौरान भी उनके विशाल आशियाने को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। उनके आशियाने के पास दीमक के समूह के द्वारा ऐसी से संरचना तैयार करते हैं, जिससे कि बारिश के दौरान पानी का तेज बहाव भी उनके विशाल आशियाने को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंच पाता है। दीमक, मिट्टी, रेत व अपनी लापर के मिश्रण से जटिल संरचना तैयार करते जो काफी मजबूत बन जाता है। भारी बारिश में भी उनके टिले अडिग खड़े रहते हैं, निश्चित ही दीमक की निर्माण कोशल अविश्वसनीय है।

### वातानुकूलित प्रणाली से सुसज्जित

जानकारी के अनुसार नन्हें दीमकों के द्वारा तैयार किए गए उनके विशाल टीले का आंतरिक भाग की बनावट ऐसे की जाती है कि उनके आशियाने का आंतरिक भाग कुशल वातानुकूलित प्रणाली से सुसज्जित होता है,जो भीतर के तापमान और आद्रता को नियंत्रित करते हैं, यह सुनने में आश्चर्य लग सकता , लेकिन यह सच है। यही कारण है कि दीमक अपने बनाए विशाल आशियाने में सभी सुविधाएं जुटाकर महीनों भव्य आशियाने के भीतर निवासरत रहते हैं।



दीमक का आशियाना।

### जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी

# बच्चों को बेहतर शिक्षा देना पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

गुरुवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छग शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया, जिसने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर, लड्डू खिलाकर आत्मीय स्वागत किया और उन्हें स्कूल बैग, ड्रेस तथा कॉपियां भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने संबोधित करते हुए जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना की जानकारी दी और सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी थी, वहां नए शिक्षकों की नियुक्ति की गई है और जल्द ही इन ⏭ शेष पेज 4 पर



कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल।

# ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के गुरुवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंवरखोह में खेत की जुताई करने के दौरान एक ट्रैक्टर कीचड़ में फंस कर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक का वाहन में दबने से मौके पर ही मौत हो गई।

■ एमसीबी जिले के भंवरखोह की घटना

मिली जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के जनकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरखोह में अरूण मिश्रा गुरूवार को खेतों में जुताई ट्रैक्टर से कर रहे थे। खेत में कीचड़ काफी था, इसके चलते खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर वाहन अनियंत्रित होकर पलट कर उल्टा हो गया, जिससे ट्रैक्टर चालक अरूण मिश्रा वाहन के नीचे दब जाने से उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलने पर गांव में शोक की लहर फैल गई। दुर्घटना की सूचना पर ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। जनकपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।



# 400 रुपए किलो बिक रहा पुटू




पुटू बिक्री करने पहुंचे व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के बाजार में इन दिनों काफी संख्या में जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से जंगली पुटू लेकर ग्रामीणजन विक्रय करने के लिए पहुंच रहे हैं, जो शहर के कुमार चौक के निकट, न्यू नगर पालिका कार्यालय परिसर में मुख्य मार्ग किनारे अपनी दुकानें लगाकर पुटू विक्रय का कार्य करते थे, जिसके कारण मुख्य मार्ग में लोगों की भीड़ एकत्र होने के कारण यातायात की समस्या भी उत्पन्न हो जाती थी, जिसे देखते हुए नगर पालिका प्रशासन द्वारा गुरूवार को शहर पहुंचने वाले पुटु व्यापारियों को कुमार चौक व न्यू नगर पालिका कार्यालय परिसर पर मुख्य मार्ग किनारे से हटाकर दूर पशु चिकित्सालय के सामने मुख्य मार्ग किनारे लगाने के निर्देश दिए गए। निर्देश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पूटू के व्यापारी जिला पशु चिकित्सालय के सामने मुख्य मार्ग किनारे अपनी दुकाने लगाकर पूटू का विक्रय करते रहे। वर्तमान में शहर के बाजार में काफी संख्या में जिले के अनेक क्षेत्रों से ग्रामीण पुटू लेकर पहुंच रहे हैं। अब पशु चिकित्सालय के सामने मुख्य मार्ग किनारे लगाने से अधिक समस्या नहीं हो रही हैं, इसके पहले कुमार चौक व न्यू नगर पालिका परिसर के मुख्यमार्ग किनारे व्यापारियों के अपनी दुकान लगाने से सड़क पर जाम की स्थिति बनने लगती थी।

### एक पखवाड़ा बाद भी 100 रूपए पाव

जिले के अनेक क्षेत्रों से ग्रामीण पूटू लेकर सुबह के समय शहर के बाजार में पहुंच रहे हैं। काफी संख्या में बाजार में पूटू के आवक के बावजूद दाम में गिरावट नहीं हो रही है। शहर के बाजार में पूटू 100 रूपए पाव में विक्रय कर रहे हैं, जबकि शुरूआत में जब शहर के बाजार में पुटू पहुंचा तो एक हजार रूपए किलो तक बिका था।

### सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति पर बैठक आज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में 4 जुलाई को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई, सड़क सुरक्षा के प्रभावी उपायों और शांति व्यवस्था को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी।

# अंकसूची रोकने के मामले में पूर्व विधायक ने जताई चिंता

**मनेन्द्रगढ़।** वर्ष 2024-25 में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोटाडोल के एग्रीकल्चर विषय के 36 छात्र-छात्राओं की अंकसूची रोक दी गई है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर छात्रों एवं अभिभावकों में गहरी चिंता व्याप्त है।

छात्रों के भविष्य से जुड़े इस अहम मामले को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने मांग की कि मामले की त्वरित जांच कर अंकसूचियों को जल्द जारी किया जाए, ताकि इन विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई बाधित न हो। पूर्व विधायक ने कहा कि यह मामला विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा है। यदि समय पर समाधान नहीं हुआ तो बच्चों के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं पर बुरा असर पड़ेगा।



माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव से मुलाकात करते पूर्व विधायक गुलाब कमरो।

### प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला

**मनेन्द्रगढ़।** जिपं सीईओ अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में एमसीबी जिले की जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत अमृत सदन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के संचालन और संधारण को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं स्वच्छाग्राही सम्मिलित हुए। कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम स्तर पर प्लास्टिक अपशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन की तकनीकी जानकारी देना रहा।

# आपातकाल के विरुद्ध बुलंद हुई जिले के युवाओं की आवाज

**संसदीय कार्यप्रणाली को समझने व राष्ट्रहित पर मुखर होने का दिया अवसर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित मॉक पार्लियामेंट युवा संसद कार्यक्रम में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेशभर के युवाओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने विचारों की सशक्त अभिव्यक्ति दी।

इस मंच ने युवाओं को संसदीय कार्यप्रणाली को समझने व राष्ट्रहित पर मुखर होने का अवसर दिया। इस कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से चार प्रतिभाशाली युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, इनमें हिमांशु श्रीवास्तव, अंकित शर्मा, कोमल पटेल, आर्या सिंह शामिल रहे। इन सभी ने राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचारों को मुखर रूप से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने न केवल आयोजकों का ध्यानाकर्षित किया, बल्कि मंच पर मौजूद वरिष्ठ नेताओं और निर्णायक मंडल को भी प्रभावित किया। इस गौरवमयी अवसर पर विशेष रूप से उल्लेखनीय यह रहा कि कोमल पटेल को पूरे कार्यक्रम में अपने प्रभावशाली वक्तव्य के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उनकी यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि आने वाले युवा नेताओं के लिए प्रेरणा भी है। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा एमसीबी जिलाध्यक्ष सुशील सिंह,जलील शाह एवं अरविंद अग्रवाल की उपस्थिति ने युवा प्रतिनिधियों का उत्साह बढ़ाया।



### मां काली और शीतला माता के जयकारों से गूंजे मंदिर

# गुप्त नवरात्रि अष्टमी पर देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

गुरूवार को गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ सहित जिले के सभी देवी मंदिरों व लाई स्थित माँ दुर्गा मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही मंदिरों में विशेष मंगला आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ, कन्या पूजन एवं हवन-पूजन जैसे विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

■ मंदिरों में विशेष मंगला आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ, कन्या पूजन एवं हवन-पूजन हुआ

श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से देवी के दर्शन कर दिव्य ऊर्जा का अनुभव किया। विशेष रूप से माँ काली मंदिर, शीतला माता मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में जयकारों माँ काली की जय, शीतला माता की जय से मंदिर परिसर गूंजते रहे। उल्लेखनीय है कि गुप्त नवरात्रि विशेषकर साधना, तंत्र व आंतरिक ऊर्जा जागरण के लिए अत्यंत पावन मानी जाती है। अष्टमी तिथि देवी उपासना का चरम बिंदु होती है। इसमें माँ की काली, चंडिका व भैरवी स्वरूपों की विशेष साधना की जाती है। संतों, पुजारियों व श्रद्धालुओं ने यह संदेश दिया कि गुप्त नवरात्रि की अष्टमी केवल साधकों के लिए नहीं, बल्कि आमजन के आत्मबल और आध्यात्मिक उत्थान का भी पर्व है। ग्रामीण अंचल में विशेष साधना क्रम, माता की चौकी व भजन संध्या में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की उत्साहपूर्वक सहभागिता देखने को मिली। मंदिर समितियों और पुजारियों ने भक्तों से अपील की कि गुप्त नवरात्रि के शेष दिनों में भी संयम, श्रद्धा और साधना के साथ देवी उपासना करें और अधिकाधिक संख्या में पूजा-अर्चना में सम्मिलित होकर देवी कृपा प्राप्त करें।

# किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

**बैकुण्ठपुर।** कृषि कार्यालय में विगत दिनों कृषि स्थायी समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्षा श्रीमती स्नेहलता उदय ने की। इस दौरान समिति के सदस्यगण एवं कृषि, पशुपालन, मत्स्य, बीज निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ कृषि स्थायी समिति की समीक्षा बैठक

बैठक में खरीफ 2025 की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। इसमें खरीफ फसलों की बुआई की प्रगति, सिंचाई सुविधाओं की स्थिति, कृषि यंत्रों की उपलब्धता, बीज एवं उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति की अध्यक्षा श्रीमती उदय ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि के लिए नवाचारों को बढ़ावा देना होगा। जैविक खेती को प्राथमिकता दी जाए एवं धान की जगह दलहन-तिलहन फसलों को अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक के किसानों तक पहुंचना सुनिश्चित करें और समयबद्ध सहायता दी जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी साझा की। वहीं समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए गए। इस अवसर पर समिति सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, सुरेश कुमार सिंह, उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती, उप संचालक पशुपालन डॉ. विभा सिंह बघेल, सहायक संचालक मत्स्य एसएम द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



